विश्व एड्स जागरूकता दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में 01 दिसंबर 2018 से महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस सोसायटी और रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में 'विश्व एड्स साप्ताहिक' कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत 01 दिसंबर को एड्स जागरूकता को लेकर महाविद्यालय विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा मानवीय श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता का सन्देश दिया गया।

इसी दिन एक वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें बल्लबगढ़ सिविल अस्पताल के काउंसलर श्री पंकज नागर अपनी टीम (श्री पवन कुमार और विजय पाल) के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने महाविद्यालय के सभागार में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एच० आई० वी० संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एड्स और टी० बी० के कारणों और उपचारों के बारे में चर्चा की। श्री पंकज नागर ने महाविद्यालय में एच० आई० वी० एड्स टेस्ट करने के लिए कैंप लगाने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी ने जागरूकता बढ़ाने के लिए समय समय पर इन सभी क्रियाओं को करवाने का आश्वासन दिया। छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे पोस्टर-मेकिंग तथा स्लोगन लेखन आदि में भाग लिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरुस्कार क्रमशः यश लवली, अंजू, पूजा भाटी तथा प्रोत्साहन पुरुस्कार शिवा को दिया गया एवं पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः प्रीति शर्मा, यशिका, कविता तथा प्रोत्साहन पुरुस्कार सोनू को दिया गया। आज विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले विजेता छात्रों को पुरुस्कार मुख्य अतिथि द्वारा दिए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ० जयपाल सिंह की देख रेख में श्रीमती नेहा गोयल श्रीमती त्रिमेश कालरा तथा श्री देवेंद्र जी के द्वारा संपन्न हुआ।